**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक 5407115 / पटना, दिनांक 02/04/2026
ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रेषक,

**मन्जु प्रसाद,**
सरकार के अपर सचिव

सेवा में,

**अवर सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना ।

विषय :- **वित्तीय वर्ष 2026-27 में "स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)" अन्तर्गत राशि रू0 16666.67 लाख (एक अरब छियासठ करोड़ छियासठ लाख सड़सठ हजार) का आवंटन के संबंध में ।**

प्रसंग:- विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 5402937 दिनांक 02.04.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 5402937 दिनांक 02.04.2026 द्वारा कुल राशि रू0 16666.67 लाख (एक अरब छियासठ करोड़ छियासठ लाख सड़सठ हजार) का token mother sanction एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी है । तदनुसार स्वीकृत राशि की निकासी हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कुल राशि रू0 16666.67 लाख (एक अरब छियासठ करोड़ छियासठ लाख सड़सठ हजार) की राशि आवंटित की जाती है ।

2. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना के पत्रांक BRLPS/LSBA/Acct/109/23Vol-III/01 दिनांक 01.04.2026 के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत token mother sanction के रूप में भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रांश की राशि 10000.00 लाख रूपये एवं समानुपातिक राज्यांश की राशि 6666.67 लाख रूपये अर्थात कुल 16666.67 लाख (एक अरब छियासठ करोड़ छियासठ लाख सड़सठ हजार) रूपये की निम्नवत राशि का आवंटन वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपबंधित बजटीय राशि के व्यय हेतु दिशानिर्देश निर्गत होने एवं मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा token mother sanction हेतु राज्य, जिला एवं प्रखंडवार विवरणी उपलब्ध कराए जाने की प्रत्याशा में किया जाता है:-

(राशि लाख रूपये में)

| क्रम | घटक | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 7720.63 | 5147.09 | 12867.72 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 2166.12 | 1444.08 | 3610.20 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 113.25 | 75.50 | 188.75 |
| | **कुल-** | **10000.00** | **6666.67** | **16666.67** |

3. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना के पत्रांक BRLPS/LSBA/Acct/109/23 Vol-III/01 दिनांक 01.04.2026 के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत Token Mother Sanction के रूप में केन्द्रांश एवं राज्यांश की कुल स्वीकृत राशि 16666.67 लाख

रूपये का आवंटन मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा अलग से उपलब्ध कराये जाने के पश्चात् राज्य, जिला एवं प्रखंडवार विस्तृत विवरणी के अनुसार किया जाएगा ।

4. वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत token mother sanction एवं व्यय हेतु स्वीकृत राशि 16666.67 लाख रूपये से संबंधित बजट शीर्ष एवं राशि की विवरणी निम्नवत है:-

| क्र.स. | बजट शीर्ष | विषय शीर्ष |
|---|---|---|
| | केन्द्रांश | |
| 1. | मुख्य शीर्ष-2215-जलपूर्ति तथा सफाई, उप मुख्य शीर्ष-02-मल-जल तथा सफाई, लघु शीर्ष-105-सफाई सेवाएं, उप शीर्ष-0202-स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विपत्र कोड 42-2215021050202 | 3104– सहायक अनुदान वेतन |
| 2. | मुख्य शीर्ष-2215-जलपूर्ति तथा सफाई, उप मुख्य शीर्ष-02-मल-जल तथा सफाई, लघु शीर्ष-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष-0204- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विपत्र कोड 42-2215027890204 | 3105- सहायक अनुदान-परिसंपतियों के निर्माण |
| 3. | मुख्य शीर्ष-2215-जलपूर्ति तथा सफाई, उप मुख्य शीर्ष-02-मल-जल तथा सफाई, लघु शीर्ष-796-जनजातीय क्षेत्र उप योजना, उप शीर्ष-0206-स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विपत्र कोड 42-2215027960206 | 3106– सहायक अनुदान गैर वेतन |

5. वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक F.N.1(27)PFMS/2020 दिनांक 13.07.2023 एवं समय-समय पर निर्गत निदेश के आलोक में राशि का व्यय/हस्तांतरण सुनिश्चित किया जायेगा ।

6. वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत सुसंगत आदेशों में निहित प्रावधानों के अंतर्गत राशि व्यय की जायेगी ।

7. आवंटित राशि का व्यय/हस्तांतरण मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा कंडिका- 03 के अनुसार उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित Implementing Agency के माध्यम से किया जायेगा ।

8. संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा योजना का अलग से लेखा संधारण सुनिश्चित किया जायेगा । योजना अंतर्गत राशि का भुगतान आधार से जुडे बैंक खाते के माध्यम से किया जायेगा । SNA SPARSH Module से राशि निकासी के आलोक में विहित प्रावधान के तहत व्यय सुनिश्चित कराया जायेगा।

9. इसकी सूचना महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना तथा विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को भी दी जा रही है ।

विश्वासभाजन

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5407115 पटना, दिनांक 02/04/2026

ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रतिलिपि- महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.4.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5407115 पटना, दिनांक 02/04/2026

ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रतिलिपि- सभी जिला पदाधिकारी/ सभी उप विकास आयुक्त/ सभी जिला कोषागार पदाधिकारी/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.4.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5407115 पटना, दिनांक 02/04/2026

ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रतिलिपि- वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/ योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जीविका, विद्युत भवन, एनेक्सी-2, बेली रोड, पटना/ आई0टी0मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) / CFMS Team/ विभागीय लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.4.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5407115 पटना, दिनांक 02/04/2026

ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रतिलिपि- अवर सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना / CFMS Team को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.4.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक 5407115 पटना, दिनांक 02/04/2026

ग्रा0वि0-06-बजट/05-02/2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार के वरीय प्रधान आप्त सचिव/ माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

2.4.26

सरकार के अपर सचिव